Bareilly, Saturday,
6 November 2021
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.00/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

Page No : 04 Middle Right

खंडेलवाल मंदिर में हुआ अन्नकूट

खंडेलवाल मंदिर में अन्नकूट का आयोजन हुआ. जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने प्रतिभाग किया. इस दौरान भंडारे का भी आयोजन किया गया. कार्यक्रम में राकेश खंडेलवाल, जगदीश भाटिया, जनार्दन पुजारी, सुमन खंडेलवाल आदि मौजूद रहे. इसके साथ ही धोपेश्वर नाथ मंदिर में भी अन्नकूट का महोत्सव हुआ.श्रीराममूर्ति स्मारक ट्रस्ट में हर साल की तरह इस साल भी दीपावली पर्व धूमधाम से मनाया गया. ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति और सचिव आदित्य मूर्ति ट्रस्ट द्वारा निर्मित मंदिर में गोवर्धन पूजा की. जिसमें भगवान श्रीकृष्ण को अन्नकूट का भोग लगाया गया. इस मौके पर देव मूर्ति ने पांच गायों का पूजन कर उन्हें भोजन कराया. ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति ने सभी संस्थानों में विधिपूर्वक पूजा कर सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी.